02.12.2024 आकाशवाणी भोपाल 07.10pm

प्रादेशिक समाचार

मुख्य समाचार :–

- मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा- ओंकारेश्वर स्थित एकात्म धाम को चरणबद्ध तरीके से किया जायेगा पूरा।
- प्रदेश के नए पुलिस महानिदेशक ने साइबर अपराधों पर अंकुश, अनुशासन तथा नियमों का कड़ाई से पालन कराने को बताया अपनी प्राथमिकता।
- भोपाल गैस त्रासदी की कल 40वीं बरसी पर सर्व-धर्म प्रार्थना सभा सहित विभिन्न कार्यक्रमों का होगा आयोजन।
- अगले 48 घंटे बाद प्रदेश में बारिश और कड़ाके की ठंड पड़ने की सम्भावना।

मुख्यमंत्री एकात्म धाम

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज खंडवा जिले के ओंकारेश्वर पहुंचकर आदिगुरू शंकराचार्य की प्रतिमा के दर्शन किये। उन्होंने ओंकारेश्वर स्थित एकात्म धाम में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए एकात्म धाम को चरणबद्ध तरीके से पूर्ण करने के बात कही। इस अवसर पर उन्होंने एकात्म धाम पर आधारित प्रदर्शनी का अवलोकन किया और एकात्म धाम परिसर में पुस्तक एवं कैलेंडर का विमोचन भी किया।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि आदि गुरु शंकराचार्य अद्वितीय महापुरुष थे। उन्होंने एकात्मवाद का अद्भुत संदेश जन जन तक पहुंचाया। मुख्यमंत्री ने कहा कि संकल्पना के अनुसार एकात्म धाम को भव्य स्वरूप में चरणबद्ध रूप से पूर्ण किया जाएगा।

डीजीपी साइबर क्राइम

मध्य प्रदेश के पुलिस महानिदेशक अधिकारी कैलाश मकवाना ने साइबर अपराधों पर अंकुश लगाना, अनुशासन तथा नियमों का अधिक कड़ाई से पालन कराने को अपनी पहली प्राथमिकता बताया।

मीडिया से मुलाकात के दौरान आज उन्होंने कहा कि पीपुल्स फ्रेंडली पुलिसिंग भी उनकी प्राथमिकताओं में शामिल रहेगी। डीजीपी ने बताया कि 2028 में होने वाले सिंहस्थ की तैयारियां बड़ी चुनौती होगी। मैदानी पुलिस को अधिक मजबूती देने के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस

तैयार की जाएगी। प्रदेश में ज्यादा से ज्यादा सीसीटीवी कैमरों का नेटवर्क का विस्तार करने पर उनका फोकस है।

'डिजिटल शाला' परियोजना

केन्द्रीय मंत्री संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्रालय ज्योतिरादित्य सिंधिया ने आज गुना जिले में 'डिजिटल शाला' परियोजना का शुभारंभ किया। इस परियोजना का उद्देश्य 100 से अधिक सरकारी स्कूलों के 10 हजार छात्रों और 200 शिक्षकों तक डिजिटल शिक्षा के फायदे पहुंचाना है। यह पहल छात्रों को 21वीं सदी के तकनीकी और शैक्षिक कौशल से सशक्त बनाएगी । इसका उद्देश्य शिक्षकों को आधुनिक डिजिटल उपकरणों का उपयोग करने में सहायता देकर कक्षाओं को अधिक रोचक और प्रभावी बनाना।

रेलवे चादर धुलाई

पश्चिम मध्य रेलवे के भोपाल मंडल में संचालित होने वाली सभी वातानुकूलित ट्रेनों में यात्रियों को साफ, स्वच्छ और उच्च गुणवत्ता वाले बेडरोल प्रदान किए जा रहे हैं। सभी चादरों और पिलो कवर को प्रत्येक उपयोग के बाद मैकेनाइज्ड लॉन्ड्री में धुलाई और इस्त्री की जाती है ताकि प्रत्येक यात्री को स्वच्छ बेडरोल मिलना सुनिश्चित किया जा सके। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक सौरभ कटारिया ने बताया कि यात्री लिनन से संबंधित किसी भी शिकायत या सुझाव के लिए रेल मदद पोर्टल का उपयोग कर सकते हैं।
वरिष्ठ मंडल यांत्रिक इंजीनियर आर पी खरे ने बताया कि वर्तमान में भोपाल मंडल में यात्रियों को लगभग 20 ट्रेनों में लिनन की आपूर्ति की जाती है।

विश्व दिव्यांगजन दिवस

कल विश्व दिव्यांगजन दिवस है, इसका उद्देश्य दिव्यांगजन के अधिकारों और उनके सशक्तिकरण के प्रति समाज को जागरूक करना है। मध्यप्रदेश दिव्यांगजन सशक्तिकरण के क्षेत्र में कार्य करने वाला अग्रणी राज्य है। वर्ष 2011 की जनगणना में 15 लाख 51 हजार से अधिक दिव्यांगजन का चिन्हांकन किया गया था । दिव्यांग लोगों को यूनिक आईडी कार्ड बनाने का कार्य किया जा रहा। प्रदेश में 8 लाख 85 हजार कार्ड तैयार कर देश में द्वितीय स्थान पर है। इसके अलावा, 2023 का सर्वश्रेष्ठ राज्य का राष्ट्रीय पुरस्कार भी मिला है

।जबलपुर में विश्व दिव्यांग दिवस के उपलक्ष्य में आज पीएसएम कॉलेज परिसर से रैली निकाली गई । दिव्यांगो के अधिकार,संरक्षण पूर्ण भागीदारी और समान अधिकार के उद्देश्य से निकाली गई रैली को प्राचार्य डॉ राममनोहर तिवारी ने हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। झाबुआ जिला मुख्यालय पर स्थानीय शहीद चंद्रशेखर आजाद स्नातकोत्तर महाविद्यालय के प्रांगण मे कल सामाजिक न्याय ओर दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा 281 दिव्यांग जनों को कृत्रिम अंग एवं सहायक उपकरण वितरित किए जाएंगे.

<u>गैस त्रासदी बरसी</u>

भोपाल गैस त्रासदी की कल 40वीं बरसी है। इस अवसर पर सुबह साढे 10 बजे से सेंट्रल लाइब्रेरी, भोपाल के 'बरकतउल्ला भवन' में एक सर्व-धर्म प्रार्थना सभा का आयोजन किया जाएगा। इस प्रार्थना सभा में राज्यपाल मंगुभाई पटेल भी शामिल होंगे। कार्यक्रम में भोपाल गैस त्रासदी में दिवंगत हुए गैस पीड़ितों को श्रद्धांजलि अर्पित की जायेगी. इसके अलावा, विभिन्न धर्म-गुरूओं द्वारा धर्म-ग्रंथों का पाठ भी किया जायेगा।

<u>आलमी तब्लीगी इज्तिमा समापन</u>

आलमी तब्लीगी इज्तिमा का भोपाल में दुआ-ए-खास के साथ समापन हो गया। चार दिन के इस आयोजन में देशभर से उलेमाओं की तकरीर हुई। आखिरी दिन 10 लाख से ज्यादा लोग शामिल हुए। दुआ-ए-खास से पहले मौलाना सआद ने जमात में निकलने वालों को खास ताकीद की। कहा-ये अकीदा तोड़ने से खराब हालात होंगे। आज दुआ-ए-खास के कारण सुबह से ही लोगों का पहुंचना शुरू हो गया। काजी कैंप से लेकर मुबारकपुर ओवरब्रिज तक कई जगह जाम के हालात बन गए।

<u>मौसम</u>

प्रदेश में अगले 48 घंटे बाद बारिश और कड़ाके की ठंड का दौर शुरू हो सकता है। छिंदवाड़ा, सिवनी, बैतूल समेत अन्य जिलों में हल्की बारिश होने का अनुमान है, जबकि बर्फीली हवा से पूरा प्रदेश ठिठुर सकता है। उत्तरी हिस्से के ग्वालियर, चंबल और उज्जैन संभाग में ठंड का असर ज्यादा देखने को मिल सकता है। मौसम विभाग के अनुसार चक्रवाती तूफान 'फेंगल' की

वजह से हवा का असर बढ़ा है। इससे हल्की बारिश हो सकती है। भोपाल में रविवार-सोमवार की रात पारा 8 दशमलव 8 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया। इंदौर में 12 डिग्री, ग्वालियर में 9 दशमलव 8 डिग्री और जबलपुर में 11 दशमलव 5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

समाचार संक्षेप में .....

- गुना में जातीय हिंसा के शिकार हुए भील - बंजारा समुदाय के परिवारों से मुलाकात कर केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा कि कभी भी हिंसा का सहारा न लें, पुलिस एवं प्रशासन को स्थित संभालने दें।
- झाबुआ में हम होंगे कामयाब पखवाड़ा के तहत आज विभिन्न परियोजना के आंगनबाड़ी केंद्र पर जागरूकता रैली का आयोजन किया गया।
- नीमच में जिला प्रशासन द्वारा संचालित "पंख अभियान" के तहत बांछड़ा समुदाय को विकास की मुख्य धारा से जोड़ने के लिए बांछड़ा बाहुल्य ग्रामों में चयनित स्वयंसेवकों को विभिन्न गतिविधियों से जोड़ने के लिए एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई।
- नर्मदापुरम जिले में 7 दिसम्बर को होने वाली रीजनल इण्डस्ट्री कान्क्लेव की तैयारियां जोर शोर से जारी है। आईटीआई महाविद्यालय में आयोजित होने वाली रीजनल इण्डस्ट्री कान्क्लेव के लिए डोम तैयार किए जा रहें है।
- सीहोर जिले में परख राष्ट्रीय सर्वेक्षण 4 दिसम्बर को किया जायेगा। चयनित सेम्पल शालाओं में कक्षा-3, 6 और 9 में पढ़ने वाले विद्यार्थियों का सर्वेक्षण किया जायेगा।
- आगरमालवा स्वास्थ्य विभाग द्वारा विश्व एड्स पखवाड़े के तहत आज एक जन जागरूकता रैली पुराने अस्पताल से निकाली गई।

-----------------------